2128. [*Transferred to the 17th December, 1991*]

Rejection of Coca-Cola's previous application for setting up unit in NOIDA

2129. SHRI DIPEN GHOSH: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state whether Coca-Cola's application to set up a 100 per cent Export Oriented Unit in the NOIDA Export Processing Zone in 1990 was rejected if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): After due consideration, it was not found feasible to accept the proposal.

भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

2130. **डा० अबरार अहमद :**
डा० रत्नाकर पाण्डेय :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में खाद्य प्रसंस्करण स्थापित करने वाली कम्पनियों के नाम क्या-क्या है ;

(ख) वे कब से कार्य कर रही है तथा उनके द्वारा निर्मित उत्पादों के नाम क्या-क्या हैं ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक कम्पनी द्वारा कितनी-कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(घ) क्या इन कम्पनियों ने अभी तक उन सभी निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन किया है जो देश में उद्योग स्थापित किए जाने के लिए उन्हें लाइसेंस देने के लिए निर्धारित की गई थी ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं तथा पेप्सी उद्योग के बारे में वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ङ) क्या सरकार इस क्षेत्र में विदेशी कम्पनियों के कुछ और प्रस्तावों पर विचार कर रही है ; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(घ) कम्पनियां सामान्यतः निर्धारित शर्तों का अनुपालन करती है परन्तु सरकार के ध्यान में जब यह आता है कि लाइसेंस की मंजूरी के समय की निर्धारित कुछ शर्तों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है तो कानून के अनुसार सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। मेसर्स पेप्सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का मामला विधि मंत्रालय को भेजा गया है जिसकी सलाह की प्रतीक्षा की जा रही है।

(ङ) खाद्य प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने के लिए दो प्रस्ताव एक मैसर्स कैलाग कम्पनी, अमरीका से और दूसरा हांगकांग स्थित कम्पनी मैसर्स जे० एम० आर० पी० सी० ओ० से प्राप्त हुए हैं। जहां नए उपक्रम मैसर्स कैलाग इन्डिया लिमि० में 51% की इक्विटी के लिए स्वतः अनुमोदन स्कीम के अन्तर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मै० कैलाग कम्पनी अमरीका को वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग का अनुमोदन दिया गया है वहां मैसर्स जे० एम० आर० पी० सी० ओ० के प्रस्ताव की विदेशी पूंजी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड द्वारा जांच की जा रही है

गहरे समुद्र में मछली पकड़ना

2131. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 7 अक्तूबर, 1991 के "दि इकानामिक टाइम्स" में फिशिंग यूनिट्स टू मिस एक्सपोर्ट ओपोर्चूनिटी ड्यू टू गवर्नमेंट एपाथी में" नामक शिर्षक में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अनेकों उद्यमियों द्वारा गहरे समुद्रों से जल से मछली पकड़ने की अपनी परि